Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to enhance the honorarium of Aanganwadi workers

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): केंद्र सरकार द्वारा 6 वर्ष तक के बच्चों के पोषण एवं शैक्षणिक विकास के उद्देश्य से समेकित बाल विकास परियोजना अर्थात् आंगनबाड़ी योजना आरम्भ की गई थी जिसके तहत आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका द्वारा देश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दिया जा रहा है। मेरे गृह राज्य बिहार सहित देश में लाखों महिलाएं आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के रूप में काम करते हुए नौनिहालों की देख-रेख और उनके बौद्धिक विकास में सराहनीय योगदान दे रही है परन्तु, उसके एवज में उन्हें उचित मानदेय नहीं मिलता है। योजना के शुरुआत में काफी कम मानदेय पर इन आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं की बहाली हुई थी जिसमें समय-समय पर कुछ बढ़ोतरी भी हुई है परन्तु महंगाई के हिसाब से यह नाकाफी है। इसके लिए आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाएं आंदोलनरत हैं ।

अतः सरकार से अनुरोध है कि आंगनबाड़ी केन्द्रो में कार्यरत सेविका एवं सहायिकाओं की कठिनाइयों को देखते हुए महंगाई के हिसाब से उनके मानदेय में बढ़ोत्तरी करते हुये उन्हें सरकरी कर्मचारी का दर्जा प्रदान किया जाये।